प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 19.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में डब्ल्यू.एच.ओ के पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन के समापन समारोह को करेंगे संबोधित, सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री होंगे शामिल।
2. जेएसएससी सीजीएल का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, छात्रों के एक समूह ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को शीर्ष अदालत में दी चुनौती।
3. झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक का कक्षा 9वीं और 11वीं के छात्रों के लिए बड़ा फैसला, ओएमआर शीट के माध्यम से होगी परीक्षा।
4. घने कोहरे और खराब विजिबिलिटी के कारण विमान सेवा बुरी तरह प्रभावित, रांची से दिल्ली की दो उड़ाने रद्द, विमानन कंपनियों ने यात्रियों के लिए जारी की एडवाइजरी।
5. संतोष ट्रॉफी के ग्रुप सी के मैच रांची में शुरु, दिल्ली और रेलवे के बीच मुकाबला गोलरहित बराबरी पर छूटा, दोपहर ढाई बजे से होगी झारखंड और बिहार की भिड़ंत।

**********************

विश्व स्वास्थ्य संगठन का पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा वैश्विक शिखर सम्मेलन आज नई दिल्ली में सम्पन्न होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आयुष क्षेत्र के माई आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल सहित कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी आयुष मार्क का भी अनावरण करेंगे। हमारे संवाददाता ने बाताया कि आयुष मार्क को आयुष उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए वैश्विक मानक के रूप में तैयार किया गया है।

इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों सहित 100 से अधिक देशों के नीति निर्माता और लगभग 25 अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य मंत्री शामिल होंगे।

**********************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा से जुड़ा विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। छात्रों के एक समूह ने इस मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। हालांकि अब तक यह याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। गौरतलब है कि इससे पूर्व 3 दिसंबर को झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपना फैसला सुनाया था, जिसमें 10 छात्रों के परिणाम पर रोक लगाते हुए शेष अभ्यर्थियों की नियुक्ति का आदेश पारित किया गया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेएसएससी ने सफल अभ्यर्थियों का मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है।

**********************

गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा सांसद 2026 का आयोजन किया गया। आपातकाल के 50 वर्ष – भारत के लोकतंत्र के लिए सबक, विषय पर आधारित इस युवा सांसद प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर ने किया। मौके पर छतीसगढ़ के जशपुर स्थित गवर्मेंट राम भजन राय एनईएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य अमरेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

विद्यार्थियों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने युवाओं से नये भारत के निर्माण में भूमिका निभाने की अपील की।

**********************

झारखंड अधिविद्य परिषद –जैक ने कक्षा 9वीं व 11वीं के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जैक ने सत्र 2025–27 के लिए कक्षा 11 में अध्ययनरत नियमित एवं स्वतंत्र विद्यार्थियों के पंजीयन और परीक्षा आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। साथ ही कक्षा नौंवी और 11वीं की परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की जाएगी और सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकृति के होंगे।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 23 दिसंबर को दोपहर बाद तीन बजे से रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल समन्वय विभाग ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। मालूम हो कि उसी दिन झारखंड हाईकोर्ट में पेसा नियमावली पर भी अगली सुनवाई होनी है।

**********************

चिकित्सा के क्षेत्र मे रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। इसी को ध्यान मे रखते हुए केंद्र सरकार की दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत रांची में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट की ट्रेनिंग कराकर युवाओं को स्वावलम्बी बनाया जा रहा है।

**********************

भारतीय शेयर बाजार में आज मिला–जुला रुख देखने को मिल रहा है। शुरुआती कारोबार में बाजार ने मजबूती दिखाई थी, लेकिन बाद में ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली देखी गई। आखिरी रिपोर्ट मिलने तक सेंसेक्स लगभग 120 अंकों की गिरावट के साथ 82 हजार 150 और निफ्टी करीब 40 अंक फिसलकर 24 हजार 880 के स्तर पर बना हुआ था।

**********************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 24 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी दो लाख आठ हजार रूपये प्रतिकिलो है।

**********************

पश्चिमी विक्षोभ के कारण रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्से शीतलहर और कोहरे की चपेट में हैं। घने कोहरे और खराब विजिबिलिटी के कारण रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर विमान सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई है। सुबह के समय रनवे पर दृश्यता कम होने से रांची से दिल्ली की दो उड़ानें रद्द की गई हैं और कई विमान घंटों की देरी से चल रही हैं। इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गयी है।

इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर एयरपोर्ट निकलने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की सलाह दी है।

**********************

उन्यासीवीं (79वीं) राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी के ग्रुप सी के मुकाबले रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुरू हो गए हैं। यह पहली बार है जब रांची इन प्रतिष्ठित मैचों की मेजबानी कर रहा है। आज खेले गये पहले मैच में रेलवे और दिल्ली की टीम कोई गोल नहीं कर सकी और मुकाबला बराबरी पर छूटा। दोपहर ढाई बजे से झारखंड और बिहार के बीच दूसरा मुकाबला होगा।

**********************

झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन, जेएससीए ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी जीतने पर झारखंड टीम को बधाई दी है। जेएससीए अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव ने इस उपलब्धि के लिए झारखंड टीम को दो करोड़ रुपये देने की घोषणा की है।

***************